प्रेस रिलीज़

आदरणीय राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी नलिनी दीदीजी के प्लैटिनम जुबिली के उपलक्ष में कार्यक्रम

आदरणीय राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी नलिनी दीदीजी के प्लैटिनम जुबिली के उपलक्ष में घाटकोपर में शानदार सत्कार और सन्मान के कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे जैसे की श्री परागभाई शाह - कॉर्पोरेटर और बिजीनेसमैन, श्री.भावेश भानुशाली - स्वीय सचिव, श्रीमती बिंदु त्रिवेदी - कॉर्पोरेटर, श्रीमती फालगुनी दवे - मा. नगर सेविका, श्री. गुरुनाथ मीठबावकर - मराठी फिल्म निर्माता और बिल्डर.

आदरणीय नलिनी दीदीजी के सन्मान में उनको चांदी के रथ में बिठाकर घाटकोपर पूर्व 90 फीट रोड से भव्य रैली निकाली गयी. इस रैली में हजारो भाई बहनें झंडे लेकर स्कूटर्स और कार्स के साथ कलश लेकर 21 माताएँ थी. रैली के रूट में जगह जगह पर आदरणीय नलिनी दीदीजी का सत्कार और सन्मान कई गणमान्य व्यक्तियों ने किया.

बीजेपी सरकार और बी.एम.सी के सहयोग से आ. नलिनी दीदीजी के करकमलों द्वारा 90 फीट रोड, ब्रह्माकुमारी चौक के नवीनीकरण का उद्घाटन हुआ. चौक में हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के प्रेरणा अनुरूप 'मेक इन इंडिया' का प्रतिक चिन्ह का अनावरण किया गया. इस उद्घाटन समारोह में माउंट आबू से आये हुए आदरणीय भ्राता राजयोगी करुणाजी के साथ आदरणीय भ्राता राजयोगी निकुंजजी, आदरणीय शकू दीदीजी, श्री परागभाई शाह - कॉर्पोरेटर और बिजीनेसमैन और बीजेपी कार्यकर्ताओं सहित समाज के अनेकानेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

उसके उपरांत 75वी वर्षगांठ के निमित्त पूजनीय नलिनी दीदीजी का सन्मान सोमैया इंजीनियरिंग हॉल में 1500 जितने समाज के सभी वर्गों के लोगो ने उत्साहपूर्वक किया. जिसमें 'मनुष्यबळ विकास लोकसेवा एकाडमी' के अध्यक्ष बाळासाहेब जगदाळे ने 'Lifetime Achievement Golden Peacock Award' से आदरणीय नलिनी दीदीजी को सन्मानित किया.

घाटकोपर सबज़ोन के तरफ से निमित्त टीचर्स बहनें तथा भाई बहनों ने शाल, श्रीफल तथा मोतीयों की माला से दीदीजी को सन्मानित किया.

सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आदरणीय नलिनी दीदीजी के त्याग तपस्या भरी जीवन, समाज सेवा, ईश्वरीय सेवाओं के पहलुओं पर प्रकाश डाला